**<u>न्यायालय–प्रधान जिला न्यायाधीश, ग्वालियर म.प्र.</u>**

**Registration No.MJC / 368/2026**
**Filing No. MJC/2822/2026**
**CNR No. MP0701-009808-2026**
**Filing Date 29-04-2026**

1. विकास गोस्वामी पुत्र श्री मनीप्रकाश गोस्वामी, आयु 37 वर्ष,
2. पंकज गोस्वामी पुत्र श्री मनीप्रकाश गोस्वामी, आयु 32 वर्ष,
3. कौशल गोस्वामी पुत्र श्री मनीप्रकाश गोस्वामी आयु 30 वर्ष,

निवासीगण गीता टॉकीज के पास डबरा
जिला ग्वालियर म0प्र0 ............**<u>आवेदकगण</u>**

**बनाम**

सर्वसाधारण ................**<u>अनावेदक</u>**

(प्रतिलिपि आदेश दिनांक 30.04.2026)

**30.04.2026**

आवेदकगण द्वारा श्री अवधेश त्यागी अधिवक्ता।
अनावेदक / सर्वसाधारण अनिर्वाहित।
प्रकरण ई फाईलिंग में दर्ज उपरान्त प्राप्त।
आवेदन की ग्राहयता पर सुना गया।

आवेदक की ओर से सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 24 सहपठित धारा 151 के अंतर्गत इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि प्रथम जिला न्यायाधीश डबरा जिला ग्वालियर के न्यायालय का एम. जे.सी. प्रोवेट प्रकरण क्रमांक 1/2017 निर्णय दिनांक 04.04.2019 के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में संस्थित एम.ए. नंबर 3306/2019 में पारित आदेश दिनांक 23.03.2026 अनुसार दो माह में प्रोवट जारी किये जाने का आदेश प्रदान किया गया है। प्रथम जिला न्यायाधीश डबरा का न्यायालय रिक्त होने से द्वितीय जिला न्यायाधीश डबरा जिला ग्वालियर को आवेदकगण के हित में प्रोवट जारी किये जाने का आदेश दिये जाने का निवेदन किया है।

कार्यालय प्रधान जिला न्यायाधीश ग्वालियर के विविध आदेश क्रमांक 54 दिनांक 23.04.2026 के अनुसार प्रथम जिला न्यायाधीश डबरा जिला ग्वालियर का सिविल मामलों का प्रभार पंचम जिला न्यायाधीश डबरा जिला ग्वालियर को प्रदान किया गया है।

अतः आवेदकगण की ओर से प्रस्तुत आवेदन

सुनवाई योग्य न होने से संक्षिप्ततः निरस्त किया जाता है।

सांख्यिकी सुविधा की दृष्टि से प्रकरण विविध सिविल प्रकरणों की पंजी में दर्ज किया जावे।

प्रकरण का परिणाम दर्ज कर अभिलेखागार में जमा किया जावे।

LALIT KISHORE

Digitally signed by LALIT KISHORE
Date: 2026.04.30 15:51:33 +0530

(ललित किशोर)
प्रधान जिला न्यायाधीश
ग्वालियर म.प्र.